दूरभाष: 0522–2838108

कार्यालय
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उत्तर प्रदेश
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0–18, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ।

Website http:// www.smcg-up.org /E-mail: apd@smcg-up.org

पत्र संख्या– 1349 / 0742 / SMCG-UP / 3 दिनांक : 23/12/2022

सेवा में,

जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला गंगा समिति
आगरा / अयोध्या / बलिया / बिजनौर / मेरठ / हापुड़ / कन्नौज / हरदोई / शाहजहांपुर / गाजीपुर / चंदौली / वाराणसी / मिर्जापुर / बुलंदशहर / कानपुर / कौशाम्बी / प्रतापगढ़ / प्रयागराज / रायबरेली / भदोही / उन्नाव / लखनऊ / गोरखपुर / मथुरा–वृन्दावन / मुरादाबाद / बरेली / गाजियाबाद / गौतमबुद्धनगर / फतेहपुर, उ0प्र0।

विषय:– विद्यालयों में नदियों के प्रति जागरूकता गतिविधियाँ संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रदेश में नदियों के स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनरोद्धार के लिये विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाते रहे हैं। उसी क्रम में बच्चों के माध्यम से नदियों की स्वच्छता के प्रति समुदाय की भागीदारी प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से गंगा एवं उसकी सहायक नदियों वाले 29 जनपदों की जिला गंगा समितियों द्वारा प्रति जनपद 10 विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियों का संचालन कराया जाना है।

उक्त गतिविधियों के सफल संचालन, कार्य–योजना के निर्माण तथा अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु अपर परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0 की अध्यक्षता में दिनांक 16.12.2022 को एक बैठक आहूत की गयी थी। उक्त बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरान्त लिये गये निर्णयों के अनुसार सम्बन्धित 29 जनपदों द्वारा जागरूकता गतिविधियों के संचालन हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर कार्य–योजना तैयार कर एस0एम0सी0जी0 के ई–मेल co.unit.head@smcg-up.org पर साफ्ट एवं हार्ड कॉपी में दिनांक 30.12.2022 तक प्रेषित किया जाना तथा निर्धारित गतिविधियाँ (संलग्न) को दिनांक 31.01.2023 तक पूर्ण किया जाना है।

उपरोक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु सम्बन्धित जनपदों को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा स्वीकृत बजट के अनुसार प्रति जनपद रू0 5.00 लाख आवंटित किये जा रहे है। जिसे अग्रिम के रूप में सम्बन्धित जनपदों के खाते में अवमुक्त किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियों का सफल संचालन सुनिश्चित किये जाने तथा निर्धारित तिथि व प्रारूप पर कार्य–योजना प्रेषित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रवीण मिश्रा) 22

अपर परियोजना निदेशक

संलग्नक:–उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0, लखनऊ
2. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी / नोडल अधिकारी, जिला गंगा समिति, उ0प्र0।
3. सम्बन्धित प्रभागीय वन अधिकारी / सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति, उ0प्र0।

अपर परियोजना निदेशक

विद्यालयों में नदियों के प्रति जागरूकता गतिविधियाँ संचालित कराये जाने की कार्य–योजना प्रारूप

क्र0 सं0	जनपद का नाम	चयनित विद्यालय का नाम/पता	गतिविधियाँ	दिनांक (गतिविधिवार)	संबंधित विद्यालय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या का नाम एवं मोबाइल नं0
		1.			
		2.			
		3.			
		4.			
		5.			
		6.			
		7.			
		8.			
		9.			
		10.			